# बस कुछ दिनों की बात है श्याम भजन लिरिक्स

बस कुछ दिनों की बात है,

खाटू भी जायेंगें,
दर्शन भी पायेँगे,
बाबा के भजनों में,
फिर से रम जाएंगे,
आने वाली ग्यारस की,
फिर से वो रात है,
बस कुछ दिनों की बात है,
हाँ कुछ दिनो की बात है।bd।

तर्ज – हर दिल जो प्यार करेगा।

---

सुने पड़े चौराहों पर,
फिर से रौनक आएगी
फिर गूंजेंगे जयकारे,
फिर से हवाएँ गायेगी,
ज्योति भी जगेगी,
महफ़िल भी सजेगी,
बैठेंगे दीवाने,
ताली भी बजेगी,
होने वाली बाबा से,
फिर से मुलाकात है,
बस कुछ दिनो की बात है
हाँ कुछ दिनो की बात है।bd।

---

फिर से खिलेंगे सब चेहरे,
फिर मुस्काने आएगी,
फिर से हाल-ए-दिल कहकर,
अखियाँ नीर बहायेगी,
अगुवाई भी होगी,
सुनवाई भी होगी,
तेरे सारे गमों की,
भरपाई भी होगी,
होने वाली किरपा की,
फिर से बरसात है,
बस कुछ दिनो की बात है
हाँ कुछ दिनो की बात है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘रजनी’ व्याकुल मनवा भी,
फिर से राहत पायेगा,
‘सोनू’ फिर से चौखट पे,
अपना शीश झुकाएगा,
उत्सव भी मनेगें,
प्रेमी भी मिलेंगे,
बाबा से रुबरु,
बातें भी करेंगे,
मिलने वाली भक्तों को,
फिर से सौगात है,
बस कुछ दिनो की बात है
हाँ कुछ दिनो की बात है।bd।

---

खाटू भी जायेंगें,
दर्शन भी पायेँगे,
बाबा के भजनों में,
फिर से रम जाएंगे,
आने वाली ग्यारस की,
फिर से वो रात है,
बस कुछ दिनो की बात है,
हाँ कुछ दिनो की बात है।bd।

**Singer – Rajni Rajasthani**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com